जन्मदिन विशेष

11 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

मैं कभी-कभी असफल हुआ हूं, लेकिन मैंने कभी प्रयास करना बंद नहीं किया।

**राहुल द्रविड़**

( भारतीय क्रिकेटर )

जन्म: 11 जनवरी 1973



राकेश कुमार

पुण्यतिथि विशेष

11 जनवरी 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सच्चा लोकतंत्र और स्वराज कभी भी हिंसा और

असत्य से प्राप्त नहीं हो सकता।



- लाल बहादुर शास्त्री

(भारत के दूसरे प्रधानमंत्री)

(2 अक्टूबर 1904 - 11 जनवरी 1966)

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**11 जनवरी**

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, द्वादशी–त्रयोदशी तिथि, शनिवार 11 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"जीवन में पहली सफलता के बाद रूके नहीं, क्योंकि यदि आप दूसरे प्रयास में असफल हो गये, तो लोग यही कहेंगें कि आपकी पहली सफलता भाग्य की वजह से मिली।"

—ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## आज के दिन

1569– इंग्लैंड में पहली लॉटरी की शुरूआत हुई।

1613– मुगल बादशाह जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत मे फैक्ट्री लगाने की इजाजत दी।

1922– कनाडा के वैज्ञानिक और चिकित्सक फ्रेडरिक बैंटिग ने मधुमेह के इलाज के लिए मरीज को पहली बार इंसुलिन दी थी।

1954– बाल मजदुरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का जन्म

1955– भारत में अखबारी कागज का उत्पादन प्रारंभ हुआ।

1972– पूर्वी पाकिस्तान का नाम आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश रखा गया।

1. **लाल बहादुर शास्त्री स्मृति दिवस**– लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वह 9 जून, 1964 ई. से 11 जनवरी, 1966 ई. को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनके प्रधानमंत्रीत्व काल में वर्ष 1965 में भारत–पाक युद्ध शुरू हो गया। भारत के तेवर को देखते हुए अमेरिका ने लाहौर में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को निकालने के लिए कुछ समय के लिए युद्ध विराम की मांग की। रूस और अमेरिका के चहलकदमी के बाद भारत के प्रधानमंत्री को रूस के ताशकंद में समझौता के लिए बुलाया गया। शास्त्री जी ने ताशकंद समझौते की हर शर्तों को मंजूर कर लिया मगर पाकिस्तान में जीते इलाकों को लौटाना हरगिज स्वीकार नहीं था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव में शास्त्री जी को ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करना पड़ा। 10 जनवरी, 1966 ई. को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अयुब खान के साथ युद्ध विराम पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही घंटों के बाद रात करीब 1:30 बजे लाल बहादुर शास्त्री को दिल का दौरा पड़ा। उनकी वहीं मृत्यु हो गई। ताशकन्द में समझौते की रात भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के निधन ने कई सवाल खड़े कर दिये। वर्ष 1966 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत–रत्न से नवाजा गया। शास्त्री जी की अन्त्येष्टि पूरे राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली में यमुना नदी के किनारे किया किया गया। उस स्थल को विजय घाट का नाम दिया गया।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** संभव हो तो देखें और दिखाएं– **फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स'।**

2. **मानव तस्करी जागरूकता दिवस**– संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 11 जनवरी को मानव तस्करी जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद मानव तस्करी और आधुनिक दासता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसका विरोध करना है। इस दिवस को मनाने की परम्परा वर्ष 2007 में, अमेरिकी कांग्रेस ने शुरू किया था। मानव तस्करी में बलपूर्वक श्रम, यौन शोषण, और अनैच्छिक दासता, पीड़ितों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना है।
   वैसे विश्वभर में मानव तस्करी विरोधी दिवस 30 जुलाई को मनाया जाता है। भारत में भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 (1) के तहत मानव या व्यक्तियों की तस्करी प्रतिबंधित है। अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (आईटीपीए) वाणिज्यिक यौन शोषण के लिए तस्करी की रोकथाम के लिए प्रमुख कानून है।

3. **कैलाश सत्यार्थी का जन्म**– कैलाश सत्यार्थी का जन्म मध्यप्रदेश के विदिशा में 11 जनवरी 1954 ई. को हुआ था। विदिशा से ही विद्युत इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद बच्चों के लिए काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने 1980 में बचपन बचाओ आन्दोलन की स्थापना की। उन्हें वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र का फ्रीडम पुरस्कार, वर्ष 2007 में इटली के सिनेट का स्वर्ण पदक, वर्ष 2009 में अमेरिका का लोकतंत्र रक्षक पुरस्कार, वर्ष 2014 का नोबेल शान्ति पुरस्कार (पाकिस्तान की नारी शिक्षा कार्यकर्ता मलाला युसुफजई के साथ सम्मिलित रूप से), वर्ष 2015 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित 'ह्यूमेनीटेरियन पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया है। इस समय वे 'ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर' (बाल श्रम के खिलाफ वैश्विक अभियान) के अध्यक्ष हैं।

4. **फर्रूखसियर का राज्यारोहण**– 11 जनवरी 1713 ई. को मुगल बादशाह 'फर्रूखसियर' राजगद्दी पर बैठा। सुल्तान ने अब्दुल्ला खां को 'वजीर' और हुसैन अली खां को 'मीर बख्शी' नियुक्त कर दिया। फर्रूखसियर एक दुर्बल, कायर और निन्दित सम्राट था। इसलिये इसे मुगल वंश का घृणित कायर सम्राट' कहा जाता है।


आज के दिवस ज्ञान की विस्तारपूर्वक जानकारी के लिए पढ़ें 'दिवस ज्ञान विशेषांक 11 जनवरी 2025'

# दिवस विशेष

11 जनवरी

मधु प्रिया

## लाल बहादुर शास्त्री स्मृति दिवस 11 जनवरी



लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर को शास्त्री जयन्ती व उनके देहावसान वाले दिन 11 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। वह 9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966 को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमन्त्री रहे। इस प्रमुख पद पर उनका कार्यकाल अद्वितीय रहा। शास्त्री जी ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति की थी। पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ कराया। 1951 में,जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वह अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया।


# जन्मदिन विशेष 11 जनवरी

राकेश कुमार




**राहुल द्रविड** *Rahul Dravid*, जन्म: 11 जनवरी 1973) भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। अक्टूबर 2005 में वे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में नियुक्त किये गए और सितम्बर 2007 में उन्होंने अपने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। द्रविड को वर्ष 2000 में पांच विसडेन क्रिकेटरों में से एक के रूप में सम्मानित किया गया। द्रविड को 2004 के उद्घाटन पुरस्कार समारोह में इस वर्ष के आईसीसी प्लेयर और वर्ष के टेस्ट प्लेयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# दिवस प्रेरणा 11



## लाल बहादुर शास्त्री

( भारत के दूसरे प्रधानमंत्री )

### नदी को तैरकर स्कूल जाया करते थे ...

### संघर्ष

डेढ साल की उम्र में ही उनके पिता का देहान्त हो गया।गंगा नदी के उस पार स्थित स्कूल जाने के लिए उनके पास पैसा नहीं होता था। वह अपनी किताबों को सर पर बाँध कर गंगा नदी के पार पढ़ने जाते थे और फिर नदी को पार करके वापस आते थे। पैसे का दुरूपयोग रोकने के लिए फटे कपड़े को भी सिल कर जाड़े के दिनों में अंदर पहना करते थे। प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए कार खरीदने के लिए भी लोन लिया। 16 साल की उम्र में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए पढ़ाई छोड़ दी।

### सफलता

लाल बहादुर शास्त्री जब केवल ग्यारह वर्ष के थे तब से ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। उन्होंने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री पद को प्राप्त किया। इसके पूर्व वे भारत के विदेश मंत्री, गृह मंत्री, रेल मंत्री, परिवहन एवं संचार मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री भी रहे। 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान उन्होंने देश में भोजन की कमी के बीच सैनिकों और किसानों का मनोबल बढ़ाने के लिए 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया। उस समय उन्होंने अपना वेतन तक लेना बंद कर दिया था। वर्ष 1966 में उन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.01.2025

## स्किमिंग रीडिंग

स्किमिंग एक रणनीतिक पठन विधि है, जिसके ज़रिए किसी पाठ का सामान्य अवलोकन करने के लिए तेज़ी से पढ़ा जाता है. स्किमिंग से पाठ के मुख्य विचारों को समझा जा सकता है. स्किमिंग करते समय, हर शब्द को बारीकी से पढ़ने की ज़रूरत नहीं होती।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### हाइड्रोजन (Hydrogen)

संकेत - (Symbol) H

परमाणु संख्या (Atomic no.) -1

परमाणु भार (A.weight) -1.008

समूह(group )-1


आवर्त(period) -1

ब्लाक( block )-S

संयोजकता( valancy) -1

समस्थानिक(Isotopes) -3

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$1s^1$




**खोज**

1766, हेनरी केवेण्डिस

**भौतिक गुण**

रंगहीन, गंध हीन,स्वाद हीन और अत्यंत ज्वलनशील गैस

**रासायनिक गुण**

यह अच्छा अपचायक है। सभी अम्लों का मुख्य घटक है।

**उपयोग**

राकेट ईंधन के रूप में, वाहनों को चलाने के लिए।

Anu priya

ToB बालमन


जनवरी2025

# AMAZING FACTS

## जंगली जानवर

### शेर

### LION



शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है कि इसे आठ किलोमीटर दूर से सुना जा सकता है. यह 114 डेसिबल तक पहुंच सकती हैं।




### बाघ

### TIGER

बाघों की आंखों में बड़े लेंस और पुतलियां होती हैं, जिससे वे रात में और कम रोशनी में अच्छी तरह देख पाते हैं।

### हाथी

### ELEPHANT



हाथी अत्यधिक बुद्धिमान जानवर होते हैं और उनकी याददाश्त कई वर्षों तक चलती हैं।हाथी की सुनने की क्षमता बहुत अच्छी होती है और वे 10 मील की दूरी से भी कुछ आवाज़ें सुन सकते हैं।

### भालू



### BEAR

भालू बहुत बुद्धिमान जानवर होते हैं।वे गिनती कर सकते हैं, औज़ारों का इस्तेमाल कर सकते हैं, और समस्याओं को हल कर सकते हैं।भालू की सूंघने की शक्ति कुत्तों से भी ज़्यादा होती हैं।



DHIRAJ KUMAR
U.M.S. SILAUTA
(KAIMUR) BIHAR

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



महाराष्ट्र के कलाकार जीवन जाधव ने पेंसिल लीड पर कलाकृतियां बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है। जीवन जाधव पेंसिल की लीड पर किसी भी तरह की कलाकृति बना सकते है।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 495

**हिमालय से निकलने वाली कौन सी नदी अरब सागर में मिलती हैं?**



A. गंगा नदी

B. नर्मदा नदी

C. ब्रह्मपुत्र

D. सोन नदी

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# TOB

# खेल कॉर्नर









## ICC टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | फायदा/नुकसान | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | पहले स्थान पर | भारत | 908 |
| 2 | पैट कमिंस | एक स्थान का फायदा | ऑस्ट्रेलिया | 841 |
| 3 | कागिसो रबाडा | एक स्थान का फायदा | सा.अफ्रीका | 837 |
| 4 | जोश हेजलवुड | दो स्थान का नुकसान | ऑस्ट्रेलिया | 835 |
| 5 | मार्को यानसन | पांचवें स्थान पर | सा.अफ्रीका | 785 |
| 6 | मैट हेनरी | छठे स्थान पर | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7 | नाथन लायन | सातवें स्थान पर | ऑस्ट्रेलिया | 774 |
| 8 | प्रभाथ जयसूर्या | आठवें स्थान पर | श्रीलंका | 768 |
| 9 | रवींद्र जडेजा | एक स्थान का फायदा | भारत | 745 |
| 10 | स्कॉट बोलैंड | 29 स्थान का फायदा | ऑस्ट्रेलिया | 745 |

हेल्पलाइन नंबर :
1930

# ToB बालमन Cyber सुरक्षा

साइबर शिक्षा से होगी साइबर सुरक्षा

★★★★★

## किसी भी व्हाट्सएप ग्रुप में.apk File आए तो कृप्या उसे टच या इंस्टॉल नहीं करें। ऐसा करने से आपका मोबाईल/फोन हैक हो सकता है।









धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा, भभुआ(कैमूर)
बिहार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लालबहादुर शास्त्री
जन्मः 2 अक्टूबर 1904
मृत्युः 11 जनवरी 1966
/teachersofbihar
Madhu priya


11 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
HAPPY
Birthday
राहुल द्रविड़
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

11 जनवरी



# लालबहादुर शास्त्री

**की पुण्यतिथि पर सादर नमन**

**2 अक्टूबर 1904 - 11 जनवरी 1966**

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी

HAPPY BIRTHDAY

# HAPPY Birthday



## राहुल द्रविड़

**11 जनवरी 1973**

Punita Kumari